Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding safety and security of Hindus residing in Muslim majority countries laid.

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत): आज दुनिया में हिन्दू समाज के लिये भारत एक मात्र राष्ट्र है जहाँ पर उन्हें अपनापन, अपनी संस्कृति एवं अपना देश, अपनी जमीन होने की भावना होती है । दुनिया में विशेषकर मुस्लिम बहुल राष्ट्र जहाँ तालिबानी मानसिकता के लोगों का वर्चस्व है, वहां पर अलपसंख्यक होने के नाते हिन्दुओं को प्रताड़ित किया जाता है एवं उनके जान-माल की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है । उनकी बहु, बेटियों का शील सुरक्षित नहीं रहता है ।

अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान ये ऐसे उदाहरण हैं, जहां से ऐसी खबरें बार-बार आती हैं । इन देशों में से प्रताड़ित हिन्दू परिवारों को सब कुछ छोड़ कर पहने हुए कपड़ों में ही भाग के आना पड़ता है ।

मेरी सरकार से मांग है कि ऐसी स्थिति वाले देशों में विशेष तौर पर निगरानी रख कर उनकी सुरक्षा को निश्चित करने की दिशा में कदम उठाया जाये ।